CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 264 ▫ रायपुर, गुरुवार 17 अक्टूबर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# हम विपक्ष को कमजोर नहीं समझते लेकिन रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे : साय



रायपुर दक्षिण उपचुनाव

रायपुर, 17 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। रायपुर दक्षिण उपचुनाव का बिगुल बच चुका है. तारीख के ऐलान के साथ राजनीतिक दल खासकर भाजपा और कांग्रेस जोर-शोर से चुनाव की तैयारियों में जुट गई हैं. उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आत्मविश्वास भरा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि हम इस चुनाव को एक चुनौती मानते हैं. सामने वाले को कमजोर नहीं समझना चाहिए. रायपुर दक्षिण सीट भारतीय जनता पार्टी की है, बृजमोहन अग्रवाल 8 बार लगातार विजयी हुए हैं. विधानसभा चुनाव 2023 में बड़े मार्जिन से जीते हैं. निश्चित रूप से इस सीट को भाजपा भारी मतों से जीतेगी.

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यह बयान हरियाणा दौरे पर रवाना होने से पहले दिया. मुख्यमंत्री साय के साथ उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा भी हरियाणा के लिए रवाना हुए. मुख्यमंत्री साय ने दौरे को लेकर कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में जा रहे हैं, दोनों उपमुख्यमंत्री भी साथ जा रहे हैं. शपथ के बाद प्रधानमंत्री के साथ बैठक भी है.

रायपुर दक्षिण विधानसभा में उपचुनाव के लिए 13 नवंबर को मतदान होगा और 23 नवंबर को नतीजे घोषित किए जाएंगे. नामांकन की प्रक्रिया 18 अक्टूबर से शुरू होगी. नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर होगी. 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी होगी. वहीं नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है. बता दें कि विधानसभा चुनाव 2023 में बृजमोहन अग्रवाल ने शानदार जीत दर्ज की थी. जिसके बाद भाजपा की सरकार बनने के बाद उन्हें शिक्षा विभाग सौंपा गया था. उसके बाद लोकसभा चुनाव 2024 में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को रायपुर लोकसभा से टिकट दी गई थी, जिसमें उन्होंने बड़ी जीत दर्ज की थी. उनकी जीत के बाद रायपुर दक्षिण एक मात्र ऐसी सीट है, जहां उपचुनाव हो रहा है.

## झारखंड चुनाव के लिए मोहन मरकाम बनाए गए वरिष्ठ समन्वयक



**रायपुर,** 17 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस ने पूर्व पीसीसी चीफ मोहन मरकाम को बड़ी जिम्मेदारी दी है. झारखंड चुनाव के लिए उन्हें एआईसीसी वरिष्ठ समन्वयक नियुक्त किया गया है. समन्वयकों की जिम्मेदारी दो अन्य नेताओं को भी दी गई है, जिसमें बीके हरिप्रसाद और गौरव गोगोई का नाम शामिल है. यह नियक्ति आदेश जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने जारी किया है. बता दें कि झारखंड में विधानसभा चुनाव 2 चरणों में होंगे. पहले चरण के लिए मतदान 13 और दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर को होगा. चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को आएंगे.

## लगाया देश विरोधी नारा, 21 बार तिरंगे को सलामी देने की शर्त के साथ दी जमानत

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने के आरोपी एक व्यक्ति को जमानत दे दी है और उसे भोपाल के एक पुलिस स्टेशन में राष्ट्रीय ध्वज को 21 बार सलामी देने और महीने के अंत तक महीने में दो बार %भारत माता की जय% का नारा लगाने का निर्देश दिया है। आरोपी की पहचान फैजल उर्फ फैजान के रूप में हुई है, जिसे मई में भोपाल के मिसरोद पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज होने के बाद गिरफ्तार किया गया था। उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 153बी के तहत आरोप लगाया गया था, जो उन आरोपों और दावों को संबोधित करता है जो विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी भड़का सकते हैं। अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया कि फैजान के कार्यों ने कलह को बढ़ावा दिया और देश की अखंडता को कमजोर किया।

## महादेव सट्टा एप मामले में कारोबारी सुनील दम्मानी और दीवान की जमानत अर्जी पर सुनवाई पूरी



हाईकोर्ट में फैसला सुरक्षित

**बिलासपुर,** 17 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। महादेव सट्टा ऐप से जुड़े कारोबारी सुनील दम्मानी और नीतीश दीवान की जमानत अर्जी पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो चुकी है। जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की बेंच ने इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। बता दें कि महादेव सट्टा एप एप के प्रमुख संचालक सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी के बाद उसे दुबई से भारत लाने की प्रक्रिया चल रही है।

जानकारी के अनुसार सौरभ चंद्राकर इस एप के सबसे बड़े हिस्सेदार हैं, जिनकी 50 प्रतिशत हिस्सेदारी बताई जाती है, जबकि उनके सहयोगी रवि उप्पल का इसमें 25 प्रतिशत हिस्सा है। इस मामले में शुभम सोनी, रायगढ़ के अनिल अग्रवाल उर्फ अतुल अग्रवाल और अन्य व्यवसायी भी शामिल हैं। इस एप के साम्राज्य में हवाला के जरिए पैसे के लेन-देन, सट्टेबाजों को पैनल बांटने, और कई अन्य अनियमितताओं के चलते अब तक 300 से अधिक लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। 70 से अधिक एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा की जा रही है। अब तक इस मामले में 19 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। महादेव सट्टा ऐप मामले में गिरफ्तार आरोपियों में सुनील दम्मानी, नितीश दीवान, अनिल दम्मानी, चंद्रभूषण वर्मा, असीम दास, भीम सिंह, अर्जुन यादव सहित कई अन्य नाम शामिल हैं।

## ब्रेकिंग न्यूज

### नागरिकता कानून की धारा 6ए में खामियां, जस्टिस पारदीवाला ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले से जताई असहमति



**नई दिल्ली,** 17 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता कानून की धारा 6ए की संवैधानिकता को बरकरार रखा है और पांच जजों की संवैधानिक पीठ ने गुरुवार को 4-1 से इसके पक्ष में फैसला दिया। पीठ में शामिल जस्टिस जेबी पारदीवाला ने फैसले से असहमति जताई। पीठ में जस्टिस जेबी पारदीवाला के अलावा मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस एमएम सुदरेश, जस्टिस मनोज मिश्रा भी शामिल रहे। नागरिकता कानून की धारा 6ए को लेकर अपनी असहमति जताते हुए जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि %अधिनियम की धारा 6ए भले ही इसे लागू करते समय वैध रही थी, लेकिन समय के साथ इसमें अस्थायी रूप से खामियां आ गई हैं।% जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि %यह धारा राजनीतिक समझौते को विधायी मान्यता देने के लिए अधिनियमित की गई थी।% गौरतलब है कि नागरिकता कानून की नागरिकता कानून की धारा 6 को 1985 में असम समझौते के दौरान जोड़ा गया था। इस कानून के तहत जो बांग्लादेशी अप्रवासी 1 जनवरी 1966 से पहले असम आए, उन्हें भारतीय नागरिक माना गया है। वहीं 1 जनवरी 1966 से लेकर 25 मार्च 1971 के बीच असम आये अप्रवासियों को कुछ शर्तों के साथ भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान है। 25 मार्च 1971 के बाद असम आने वाले विदेशी भारतीय नागरिक नहीं हैं।

## अंबिकापुर से हवाई सेवा की तैयारी, पीएम मोदी 20 अक्टूबर को प्रदेशवासियों को समर्पित करेंगे मां महामाया एयरपोर्ट




**अंबिकापुर,** 17 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर के बाद अब प्रदेश के चौथे शहर अंबिकापुर से नियमित हवाई सेवा की तैयारी शुरू हो गई है. इस कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 अक्टूबर को दिल्ली से वर्चुअल जुड़ते हुए दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट को प्रदेशवासियों को समर्पित करेंगे.

अंबिकापुर-मैनपाट मार्ग पर ग्राम दरिमा में वर्ष 1950 से हवाई पट्टी थी, जिसका विकास हवाई अड्डे के रूप में किया गया है. विमान सेवा शुरू होने के पहले से ही दरिमा का हवाई पट्टी विशिष्टजनों के प्रवास का गवाह रही है. पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी दो बार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार विमान से दरिमा आ चुके हैं. अब भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना उड़ान योजना के तहत दरिमा एयरपोर्ट को नियमित उड़ान के लिए लाइसेंस मिल गया है. अम्बिकापुर के दरिमा विमानतल से हवाई सेवा के लिए केंद्र सरकार निजी विमानन कम्पनी को ठेका देगी. अंबिकापुर के निकटतम बिलासपुर एयरपोर्ट से देश के विभिन्न महानगरों के लिए अलायंस एयर कम्पनी द्वारा सुविधा मुहैया कराई जा रही है।

## नायब सिंह सैनी ने दूसरी बार ली मुख्यमंत्री पद की शपथ



**नई दिल्ली,** 17 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और अन्य मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और एनडीए के नेता मौजूद रहे।

नायब सिंह सैनी गुरुवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में दूसरी बार शपथ ली है। समारोह पंचकुला में आयोजित था और हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। इसके अलावा सैनी मंत्रिमंडल के मंत्रियों ने भी शपथ ली। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और अन्य मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और एनडीए के नेता मौजूद रहे।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 90 सदस्यीय विधानसभा में 48 सीटें जीतकर राज्य में अभूतपूर्व तीसरा कार्यकाल हासिल किया। हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने के साथ ही सैनी दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। एनडीए के सहयोगी चंद्रबाबू नायडू, ललन सिंह, अजित पवार, एकनाथ शिंदे, पवन कल्याण भी मंच पर मौजूद हैं।

## जुआ खेल रहे युवक पुलिस से बचने तालाब में कूदा, मौत

**महासमुंद,** 17 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। कोतवाली अंर्तगत पुलिस से बचने के लिए जुआ खेल रहा एक युवक पास के तालाब में कूद गया। रातभर उसके परिजन इंतजार करते रहे , पर देर सुबह तक घर वापिस न आने पर उसकी तलाश तालाब में की तो लाश बरामद हुई । समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने शव को चिरघर भेज आगे की कार्यवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खरोरा के नया तालाब के पास लंबे समय से हर रात जुआ खेला जाता था जहाँ स्थानीय जुआरियों सहित आस-पास क्षेत्र के जुआरी भी जुआ खेलने यहाँ आते थे। बुधवार को भी देर रात यहाँ जुआ खेला जा रहा था तभी मुखबिर के द्वारा इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को मिली । मुखबिर की सुचना पर पुलिस ने उक्त स्थान पर छापामारा तो जुआ खेल रहे लोगों में से खरोरा निवासी युवक डीशील यादव (32) पास के नया तालाब में कूद गया। पुलिस ने काफी देर तक उसकी तलाश की पर उसका कुछ पता नहीं चला। इधर रात भर डीशील का उसके परिजन घर पर इंतजार करते रहे पर वह नहीं लौटा । जब सुबह डीशील के द्वारा तालाब में कूदने की जानकारी परिजनों को हुई तो तालाब में ग्रामीणों ने उसे खोजना शुरू किया और डीशील के तालाब में डूब जाने की आंशका जाहिर करते हुए पुलिस में खबर की गयी । जिसके बाद पुलिस ने गोताखोर बुलाकर तालाब की तलाशी ली। दोपहर करीब एक बजे गोताखोरों द्वारा डीशील की लाश तालाब से बरामद किया और पंचनामा कर पीएम के लिए भेजा। कोतवाली प्रभारी शरद दुबे ने बताया कि बुधवार को सात जुआरी जुआ खेकते पकड गये जिनके पास से जुआ खेलने की सामग्री सहित 24 हजार 400 नकद राशि , आठ दुपहिया वाहन और 9 मोबाइल जब्त किया गया है।

## एसआई अभ्यर्थी गृह मंत्री के निवास पर रात बिताने मजबूर



**रायपुर,** 17 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। एसआई अभ्यर्थी गृह मंत्री के निवास पर रात बिताने को मजबूर हैं। कोर्ट के आदेश अनुसार 15 दिनों के भीतर रिजल्ट जारी करने के आदेश हैं। इसके बावजूद अभ्यर्थी गृह मंत्री के बंगले में डटे रहे। वही गृह मंत्री के आश्वासन के बाद भी अभ्यार्थी असंतुष्ट हैं। एसआई अभ्यर्थी ने तारीख सुनिश्चित कर रिजल्ट घोषित करने की मांग की हैं।

बता दें कि एसआई परीक्षा के परीक्षार्थी जिन्होंने इसका एग्जाम दे दिया है। वो रिजल्ट की आस को लेकर लगातार अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। अभ्यर्थियों ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि कोर्ट ने पहले भी रिजल्ट जारी करने का आदेश दिया था। उसके बावजूद भी रिजल्ट जारी नहीं किया गया। इस मामले में गृहमंत्री विजय शर्मा ने बुधवार को आश्वासन दिया था कि दिवाली तक हाई कोर्ट के निर्देश का पालन किया जाएगा।




चूहा- सुनती हो, सैनी फिर हरियाणा के मुख्यमंत्री बन गए।

चुहिया- हां जी, सैनी ने पूरी सेना को भी इकट्ठा कर लिया है।




## छत्तीसगढ़ पहुंची पेंच नेशनल पार्क की बाघिन, 2 साल में 400 किमी का तय किया सफर, 2022 में कैमरे में हुई थी कैद



**रायपुर,** 17 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में स्थित पेंच नेशनल पार्क की एक बाघिन नए ठिकाने की तलाश में छत्तीसगढ़ राज्य के अचानकमार टाइगर रिजर्व पहुंच गई है. साल 2022 के अखिल भारतीय बाघ ऑकलन के दौरान यह बाघिन सिवनी पेंच नेशनल पार्क के कर्माझिरी और घाटकोहका परिक्षेत्र में लगे कैमरों में दर्ज हुई थी. दो साल बाद यह बाघिन की लोकेशन अचानकमार टाइगर रिजर्व में पाई गई है.

भारतीय वन्यजीव संस्थान टाइगर सेल के वैज्ञानिकों ने अचानकमार टाइगर रिजर्व के द्वारा उपलब्ध कराए गए बाघिन के फोटोग्राफ का मध्य भारत के विभिन्न क्षेत्रों के टाइगर के डॉटाबेस से मिलान कर किया. जिसमें पेंच टाइगर रिजर्व की बाघिन से धारियों के मिलान के आधार पर पुष्टि की गई. अचानकमार प्रबंधन ने बताया कि यह बाघिन अचानकमार टाइगर रिजर्व में 2023 शीत ऋतु के पहले से ही देखी जा रही है. यह खबर सभी वन्यजीव प्रेमियों के लिए हर्ष और गौरव का क्षण हैं. क्योंकि बाघिन ने लगभग 400 किमी से अधिक की दूरी तय करके अपने नए आवास में गई है. यह खोज इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है कि इससे आमजन को कॉरीडोर के संरक्षण की आवश्यकता और महत्व को समझाने में मदद मिलेगी।

CMYK